# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय
(राजस्थान सरकार के राज्य विधानसभा कानून के तहत स्थापित)
दईज़र, मथानिया रोड़, जोधपुर (राज.)


**Ref. No. F.2(1)/SPUJ/2013/Admn&Estt/BOM-Vol.-II/** 1905 **Dated:** 30/07/19

## –: कार्यवाही विवरण :–

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के प्रबन्ध बोर्ड की 13वीं बैठक, जो दिनांक 17 जुलाई 2019 को प्रातः 11.30 बजे माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में, विश्वविद्यालय के जोधपुर स्थित अस्थाई परिसर में सम्भाषा कक्ष में आयोजित की गई थी, में निम्नलिखित सदस्य महानुभाव उपस्थित हुए:–

1. श्री एन.आर.के. रेड्डी, आईपीएस, माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष, एसपीयूपी, जोधपुर
2. श्रीमती पुष्पा सत्यानी, अति.मुख्य.सत.आयु., (प्रतिनिधिः अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, राजस्थान)
3. श्री सचिन मित्तल, महानिरीक्षक, जोधपुर रेंज (प्रतिनिधिः पुलिस महानिदेशक, राजस्थान)
4. श्री बी.एल. कोठारी, सम्भागीय आयुक्त, (प्रतिनिधिः अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान)
5. डॉ. सी.बी. शर्मा, आईपीएस (सेवानिवृत्त), जयपुर
6. प्रो. पूनम सक्सेना, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर
7. श्री राजकुमार अरोड़ा, आचार्य (प्रतिनियुक्त), सिक्योरिटी एण्ड इन्टेलीजेन्स स्टडीज़, एसपीयूपी, जोधपुर
8. श्री सोहनलाल शर्मा, कुलसचिव, एसपीयूपी, जोधपुर

प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में निम्नलिखित सदस्य महानुभाव उपस्थित नहीं हुए–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. श्री शान्तनु चौधरी, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर
3. श्री श्रीराम अरूण, **D 8, Vigyan Puri, Mahanagar, Lucknow-226006**
4. निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

उक्त बैठक से सम्बन्धित आवश्यक व्यवस्थाओं एवं बैठक के चर्चा बिन्दुओं से सम्बन्धित आवश्यक सहयोग एवं तत्काल जानकारी प्रदान करने हेतु, श्रीमती डिम्पल पवार आर्य उप–कुलसचिव, श्री हिमान्शु शर्मा, निजी सचिव एवं श्री अनुज त्यागी, निजी सहायक भी बैठक में उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध बोर्ड के उपस्थित सदस्यों के स्वागतोपरान्त, विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में संचालित की जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराते हुए, बिन्दुवार चर्चा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श कर, निम्नानुसार निर्णय लिये गये–

**बिन्दु संख्या–13/1-** **विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की 12वीं बैठक (विशेष बैठक) दिनांक 08 मार्च 2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

**निर्णय–13/1-** प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु संख्या–13/2-** **विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की बैठक दिनांक 08 मार्च 2019 के कार्यवाही विवरण के अनुसार की गई अनुपालना का विवरण।**

**निर्णय–13/2-** प्रबन्ध बोर्ड की 12वीं बैठक (विशेष बैठक) दिनांक 08 मार्च 2019 के कार्यवाही विवरणानुसार, विश्वविद्यालय द्वारा की गई अनुपालना–प्रतिवेदन का सर्वसम्मति अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु संख्या–13/3-** **विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जाने वाले पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण छात्रों को, प्रदान की जाने वाली उपाधियों एवं स्वर्ण पदकों का अनुमोदन।**

**निर्णय–13/3-** विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जाने वाले पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण छात्रों को प्रदान की जाने वाली उपाधियों एवं स्वर्ण पदकों का प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

इसी क्रम में, विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली एम.फिल. उपाधि के शोध प्रकृति के होने एवं उक्त उपाधि के अभ्यर्थियों की योग्यता की अन्तःविषय श्रेणी के सम्बन्ध में, कोई मापदण्ड निर्धारित नहीं होने के कारण, प्रबन्ध बोर्ड द्वारा एम.फिल. से उत्तीर्ण अभ्यर्थी को स्वर्ण पदक एवं वरीयता प्रमाण–पत्र नहीं दिये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**बिन्दु संख्या–13/4- अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से**

1. **विश्वविद्यालय की वित्त समिति में नवीन सदस्यों की मनोनयन पर विचार एवं निर्णय।**

   **निर्णय–13/4-1-** डॉ. आर. के. अरोड़ा, आचार्य (प्रतिनियुक्ति) एसपीयूपी, सैटेलाइट कैम्पस, जयपुर एवं डॉ. जागृति उपाध्याय, सहायक आचार्य, एसपीयूपी, जोधपुर को वित्त समिति के सदस्य के रूप में अनुमोदन किया गया।

   प्रबंध बोर्ड द्वारा इसके अशासकीय सदस्यों में से नामनिर्देशिष्ट किया जाने वाला एक सदस्य के रूप में डॉ. शान्तनु चौधरी, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर से सहमति ली जाये। इसके लिये पत्र प्रेषित किया जाये।

2. **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 12वीं बैठक दिनांक 10 अप्रेल, 2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

   **निर्णय–13/4-2-** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर की विद्या परिषद् की 12वीं बैठक दिनांक 10 अप्रेल, 2019 के कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

अन्त में धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

कुलसचिव